संसद सदस्यों ने स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 28 मई, 2015: माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय विदेश तथा प्रवासी भारतीय कार्य मंत्री, श्रीमती सुषमा स्वराज; केंद्रीय वित्त, कॉर्पोरेट कार्य तथा सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अरुण जेटली और राज्य सभा के उप सभापति, प्रोफेसर पी.जे.कुरियन के नेतृत्व में संसद सदस्यों ने आज स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

अनेक संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने भी श्री सावरकर को श्रद्धांजलि अर्पित की । स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित करने वाले अन्य लोगों में लोक सभा तथा राज्य सभा के महासचिव, क्रमश: श्री अनूप मिश्रा और श्री शमशेर के. शेरिफ भी शामिल थे ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिंदी और अंग्रेजी में प्रकाशित स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम ने 26 फरवरी, 2003 को स्वातंत्र्यवीर विनायक दामोदर सावरकर के चित्र का अनावरण संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में किया था ।